# सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन

दिनांकः—

ग्राम—धुमा श्यामनगर में शासकीय राजीव लोचन स्नातकोत्तर महाविद्यालय, राजिम के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन सम्पन्न हुआ। माध्यमिक शाला के स्कूल प्रांगण में इस समापन कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। जिसमें प्रमुख रूप से ग्राम की प्रथम नागरिक के रूप में सरपंच श्रीमती नीरा साहू राष्ट्रीय सेवा योजना के जिला संगठक डॉ.टी.एल. सोन ख्ळतंइ लवनत तमंकमतश ॅजजमदजपवद ूपजी ॅ हतमंज ुनवजम तिवउ जीम कवबनउमदज वत नेम जीपे ेचंबम जव मउचींप्रम ॅ ामल चवपदजण ज्व चसंबम जीपे जमगज इवग ंदलूीमतम वद जीम चंहमए रनेज कतंह पजण,

वानी, उपसरपंच श्री प्रकाश साहू जी व महाविद्यालय से एम.एल.वर्मा, प्रो. गोवर्धन यद, व घनश्याम यदु विद्यालय के प्राचार्य शिव कुमार सिन्हा आदि अतिथि उपस्थित रहें। जिन्होंने सरस्वती की प्रतिमा में दीप प्रज्जवलित कर व NSS के प्रेरणा स्त्रोत स्वामी विवेकानंद जी के छायाचित्र पर माल्यापर्ण कर कार्यक्रम की शुरूआत की व अतिथियों का तिलकवंदन स्वागत स्वयंसेवकों द्वारा किया गया। कार्यक्रम अधिकारी ने शिविर प्रतिवेदन का पठन किया तत्पश्चात् विगत सात दिनों के शिविर में प्रस्तावित कार्यो की पूर्णता के आधार पर नवोदित स्वयंसेवक के रूप में हूमन पटेल व लक्ष्मी मिरी को व सर्वश्रेष्ठ स्वयंसेवक के रूप में दुर्गेश पटेल को अतिथियों के हाथो पुरस्कृत किया गया। वही सर्वश्रेष्ठ समूह के रूप में भेषुराम साहू के ग्रुप को अतिथियों द्वारा सम्मानित




दीप प्रज्जवलित करते टी.एल. सोनवानी जी



दीप प्रज्जवलित करते सरपंच श्रीमती नीरा साहू

किया गया। साथ हि सभी ग्रुप के लीडर को भी कैम्प को सफलतापूर्वक संचालित करने के लिए कैंप व बैंच से सम्मानित किया।

प्री.आर.डी.सी0 ग्वालियर म.प्र. के शिविर से लौटे शिवा पटेल को भी उनके बेहतर प्रदर्शन के लिए जिला संगठक द्वारा प्रमाण पत्र व मैडल देकर सम्मानित किया गया। उसके बाद अतिथि उद्बोधन की कड़ी में सर्वप्रथम सरपंच ने स्वयंसेवको के सात दिवसों के कार्यो की सराहना की व उनके द्वारा चलायें गए स्वच्छता अभियान व उनके द्वारा जागरूकत्ता कार्यो की रेखांकित किया। संस्था के प्राचार्य ने प्रांगण में स्वयंसेवको द्वारा निर्मित कूड़ेदान(घुरूवा) व बागवानी हेतू निर्मित क्यारियों के निर्माण की प्रशंसा की व स्वयंसेवको क एक जूटता व उनके कार्य के प्रति लगन की सराहना करते हूए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। वही जिला संगठक महोदय ने NSS के कूल ध्येय व आगामी भविष्य में व्यक्तिव निर्माण की प्रक्रिया में NSS के योगदान पर वृद्ध चर्चा की व अनेक उदाहरणों के माध्यम से NSS की उपयोगिता का वर्णन किया। व बतलाया कि NSS एक ऐसा प्रारंभिक मंच है जिसके द्वारा देश का यु्वा समाज सेवा के कार्यो में जुड़ सकता है। कार्यक्रम के अंत में कार्यक्रम अधिकारी द्वारा अतिथियों को प्रतीक चिन्ह दिया गया व अंत में आभार प्रदर्शन के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।






# शिविरार्थियों द्वारा विद्यालय में कूड़ेदान का निर्माण

ग्राम धूमा में चल रहे सात दिवसीय शिविर में एन.एस.एस. के स्वयंसेवकों द्वारा विद्यालय परिसर में 10फीट लम्बा, 7फीट चौड़ा, 4फीट ऊँचा सीमेंटीकृत कूड़ेदान का निर्माण किया गया जिसमें पेड़ो के सूखे पत्ते, अवशिष्ट कागज आदि को डंप कर निकट भविष्य में इससे कंपोस्ट खाद निर्माण किया जावेगा एवं इस खाद का प्रयोग विद्यालय में बागवानी के लिए किया जावेगा इस कूड़ेदान के निर्माण में शिविरार्थियों द्वारा 3 दिन का श्रमदान दिया जिसमें सभी स्वयंसेवकों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया कूड़ेदान के लिए निर्माण सामग्री सीमेंट ईट आदि सरपंच द्वारा उपलब्ध कराया गया। स्वयंसेवकों के इस कार्य की सरपंच व विद्यालय के प्राचार्य द्वारा प्रशंसा की गई साथ ही स्वयंसेवकों ने विद्यालय परिसर में बागवानी हेतु क्यारियों का निर्माण कार्य भी किया इस कार्य का संचालन पूर्व स्वयंसेवक प्रकाश दास, व इंद्र कुमार, रूपेश कुमार एवं दीपक, रितु, आकांक्षा, तुलेश्वरी, दामिनी, पूजा, संताषी, छाया, तारिणी, हेमलता, ऐश्वर्या आदि मौजूद रहे।







# उद्घाटन सत्र–2019–20

शासकीय राजीव लोचन स्नातकोत्तर महाविद्यालय राजिम के साथ दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन दिनांक 5 से 11 नवंबर 2019 को ग्राम धुमा(श्यामनगर) में किया गया जिसके उद्घाटन सत्र में गांव के प्रमुख सरपंच श्रीमती नीरज साहू व उपसरपंच प्रकाश साहू व शासकीय माध्यमिक विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती वर्षा नेताम व प्रधान पाठक शिवकुमार व वरिष्ठ नागरिक प्रेम साहू थे एवं संस्था प्रमुख प्रोफेसर सुनीता सत्संगी ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की जिसमें सर्व प्रथम एन.एस.एस. के प्रेरणा पुरूष स्वामी विवेकानंद के छायाचित्र वह मां सरस्वती के प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर शिविर का प्रारंभ किया तत्पश्चात् अतिथियों ने अपने उद्बोधन में शिविरार्थियों को अपने निधरित कार्यो को सफलतापूर्वक पूर्ण करने के लिए शुभकामनाएं दी व वही सरपंच महोदया ने अपनी ओर से शिविरार्थियों को यथा सहयोग देने का आश्वासन दिया एवं संस्था प्रमुख ने अनुशासित रहकर शिविर का सफलता पूर्वक संचालन करने का निवेदन किया इस शिविर में 66 शिविरार्थी शामिल है जिनके द्वारा अपने निर्धारित गतिविधियों को संचालित करने का कार्य किया जावेगा शिविर के उद्घाटन में विद्यालय व महाविद्यालय के प्राध्यापक व कार्यक्रम अधिकारी समीक्षा चंद्राकर, एवं प्रोफेसर एम.एल.वर्मा भी उपस्थित रहे इस शिविर के शिविर नायक ओंकार साहू व शिविर नायिका गरिमा यादव है।




विद्यालय प्राचार्य द्वारा समबोद्वन




महाविद्यालय प्राचार्य द्वारा समबोद्वन

# शिविर स्थल में दीपदान का आयोजन

एन.एस.एस. के सात दिवसीय शिविर में पांचवे दिन स्वयंसेवकों ने विभिन्न गतिविधियों के अंतर्गत प्राथमिक शाला के विद्यार्थियो के साथ स्कूल परिसर में स्वच्छता का कार्य किया व कूड़ेदान का प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया एवं उन्हें स्वच्छ रखने के फायदे भी बतलाए इसी कड़ी में स्व्यंसेवको ने उन्हे हाथ धोने के तरीकों के बारे में बतलाया एवं उनकी जिज्ञासा को शांत करते हुए खेल के माध्यम से उनके बीच स्वस्थ रहने के फायदो की जानकारी दी जिसक अंतर्गत उनके बड़े हुए नाखूनों को काटा गया एवं उन्हें भविष्य में स्वच्छ रहने व व्यवस्थित ढंग से गणवेश धारण कर विद्यालय आने का सुझाव दिया एवं चॉकलेट का वितरण कर उनके बीच अपनी छाप छोड़ी वही पशु विभाग के द्वारा एनएसएस के स्वयंसेवकों के साथ पशु टीकाकरण का कार्य किया गया जिसमें केटल प्रजाति के पशुओं का टीकाकरण किया गया जिससे उन्हें खुरा चपका की बीमारी से मुक्त कराया जा सके गाय, भैंस, बकरी आदि लगभग 106 पशुओं का टीकाकरण इस अभियान के अंतर्गत किया गया।






बौद्धिक परिचर्चा सत्र में उपस्थित अतिथियों में डॉक्टर सुभाष चंद्राकर पूर्व कार्यक्रम समन्वयक एन.एस.एस. पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय व श्री दीपक दुबे मुख्यमंत्री शिक्षा गौरव अलंकरण पुरस्कार प्राप्त आदि उपस्थित रहे जिन्होंने एन.एस.एस. में नवाचार कैसे लाया जाए? एवं एन.एस.एस के नए आयामों पर वृहद रूप से चर्चा करते हुए इसकी जानकारी स्वयंसेवकों को प्रदान की स्वयंसंवकों ने अपनी जिज्ञासा शांत करते हुए अतिथियों से प्रश्न भी पछे।

कार्यक्रम की कड़ी में सायं काल को गायत्री परिवार राजिम से पधारे श्री अशोक शर्मा, श्री हरिशंकर साहू जी आदि ने शिविर स्थल पर गांव की समृद्धि व सुख, शांति के लिए दीप यज्ञ का आयोजन किया एवं भक्ति गीतों के साथ शिविर स्थल का वातावरण भक्तिमय बना दिया। जिसमें स्वयंसेवको द्वारा स्वनिर्मित मिट्‌टी के 101 दीए जलाकर दीपदान किया। व दीपयज्ञ को पूर्णता की ओर ले गए। दीप यज्ञ के इस कार्यक्रम का प्रारंभ उपसरपंच श्री प्रकाश साहू व डॉक्टर विक्रम साहू सरपंच जेंजरा ने दीप प्रज्वलित कर किया। दीप यज्ञ के इस आयोजन का संचालन पूर्व स्वयंसेवक लेखन साहू के द्वारा किया गया। जिसमें विशेष रूप से रविना, संतोषो, जया, पूजा, मानिका, संध्या, हुमन, प्रिंस, लोकेश, कुंदन, जितेश, चुम्मन, सागर आदि उपस्थिति रहे।


राष्ट्रीय सेवा योजना
राष्ट्रीय सेवा योजना


आपका हार्दिक स्वागत करता
Shot on realme U1

# रक्त परीक्षण शिविर का आयोजन

शासकीय राजीव लोचन स्नातकोत्तर महाविद्यालय राजिम के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के सात दिवसीय शिविर के चौथे दिन में स्वास्थ्य विभाग राजिम व महाविद्यालय के रेड क्रॉस व एनएसएस इकाई के संयुक्त तत्वाधान में विद्यालय व ग्राम वासियों के लिए रक्त समूह परीक्षण व स्वास्थ्य परीक्षण का आयोजन ग्राम धूमा में शिविर स्थल पर किया गया जिसमें शिविरार्थियों व विद्यालय के लगभग 206 विद्यार्थियों का रक्त समूह परीक्षण किया गया एवं लगभग 40 ग्राम वासियों का स्वास्थ्य परीक्षण भी इस शिविर में किया गया जिसके अंतर्गत शुगर लेवल परीक्षण व ब्लड प्रेशर जांच किया गया जिसमें चिकित्सक दल में डॉ प्रवीण देवांगन, डाक्टर हेमलता, मिनेन्द्र साहू, धनेश्वर साहू, श्री राकेश भोई आदि उपस्थित रहे जिन्हांने इस शिविर का सुचारू रूप से सफल संचालन किया इस कार्य में शिविरार्थियों की अहम भूमिका रही!







वही परियोजना कार्य के अंतर्गत शिविरार्थियों द्वारा मिट्टी के दीए का निर्माण किया गया साथ ही विद्यालय परिसर में कूड़ेदान का निर्माण कार्य भी प्रारंभ किया।

आज के बौद्धिक परिचर्चा सत्र में प्रमुख रूप से टीबी रोग से संबंधित जानकारी श्री मदन कुमार मिश्रा(राजिम चिकित्सालय) वह श्री भूपेश साहू जिला कार्यक्रम गरियाबंद एवं रमेश कुमार साहू सुपरवाइजर(कोपरा) के द्वारा टीवी के लक्षण एवं बचाव के संबंध में विस्तृत जानकारी शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल धूमा के विद्यार्थियों व शिविर के शिविरार्थियों को प्रदान की गई एवं उनके बीच प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम के द्वारा उनकी जिज्ञासा को शांत किया गया एवं विजयी प्रतिभागियों को उनकी टीम द्वारा पुरस्कृत किया गया साथ ही श्री एच.आर.वर्मा ने पशुधन के संबंध में विभिन्न जानकारियां शिविरार्थियों के साथ व्यक्त की साथ ही अन्हें सरकार द्वारा पशु पालन के लिए दी जाने वाली सरकारी योजनाओं व पशुओं को बीमारियां से कैसे बचाया जा सकता है व पशुओं द्वारा उत्पादित दूध का प्रसंस्करण करके अपने आय को कैसे बढ़ाया जाए इस संबंध में जानकारी दी। आज के शिविर में प्रमुख रूप से डॉक्टर संगीता झा रेड क्रॉस प्रभारी व मुख्य रूप से तनुजा बघेल, गोपाल राव उरकुरकर, शिल्पा मिश्रा, प्रमोद यादव, हेमेन्द्र, आरती मरकाम, खोमन साहू, चन्द्रकला जोशी, प्रदीप टंडन व कार्यक्रम सहायिका कु. तुलसी देवांगन विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन धर्मराज साहू के द्वारा किया गया।